पाठकों से नम्र निवेदन

प्रातः स्मरणीय श्री मज्जैनाचार्य पूज्य श्री हुक्मीचंद जी मा० सा० के पाटानुपाट स्वर्गीय बाल ब्रह्मचारी अखण्ड यशधारी पूज्य श्री० मुन्नालाल जी महाराज के पट्टाधिकारी शास्त्रज्ञ धैर्यवान पूज्य श्री खूबचन्द्र जी मा० सा० द्वारा विरचित "कवित कुंज" मुनि श्री हीरालाल जी म० सा० से प्राप्तका दानी भाइयों (जिनकी शुभ नामावलि इसी पुस्तक मे दूसरी जगह अंकित है) की शुभ सहायता से प्रकाशित की जा रही है अतएव इस वैराग्यमय 'कवितांकुर' को भविक वृन्द रुचिपूर्वक पढकर आत्म कल्याण की ओर अग्रसर बनेंगे ऐसी हमें आशा है और तभी हमारा प्रयास भी सफल होगा।

निवेदक—

सेठ देवराज भंवरलाल सुराणा

ब्यावर (रा० प०)

ग्रन्थ के प्रकाशन में

द्रव्य सहायकों की
सुनहरी नामावली

१: १६२॥≈)॥ श्री महावीर जैन सभा जम्मू तवी (पंजाब)
२. १२५) श्री. सेठ रतनलाल जी सा. मित्तल फर्म लाला भीखामल जी छोटेलाल जी जैन ठि. लोहा मंडी, आगरा।
३. १२५) श्रीमान् सेठ रेखराज जी नेमीचंद जी लूंकड बेलनगंज आगरा।
४. १०१) ,, मणि बाई ने खुद की दीक्षा पर पालनपुर से भेजे।
५. १००) ,, सेठ सेजराम जी बच्छराज जी अन्याव मु. बालोतरा (मारवाड)।
६. ५१) ,, ,, माणाजी धन्नालालजी पोरवाड मन्दसौर।
७. ५०) ,, ,, चम्पालाल जी छगनलाल जी कुदाल खलची पुरा मन्दसौर।
८. ५०) ,, ,, सुगनचन्द जी मदनचन्द जी हिंगड़ अजमेर।

	१०)	श्रीमान् सेठ खेमचन्द जी जड़ावचन्द जी सुराणिया मन्दसौर।
१०	५०)	, निहालचन्द जी बापूलाल मारू मन्दसौर वालों की तरफ से बापूलाल जी मारू के पुत्र होने की खुशी में।
११	१०)	महता वीरचन्द भाई जवरचन्द भाई मारफत विमलाबाई पितम्बर दास की यादगार में पालनपुर गुजरात
१२	५०)	ममूभाई कस्तूरचन्द कोठारी कालीदास भाई मायचन्द भाई स्वरीवाम वारपुड़ा पालनपुर गुजरात।
१३	२५)	उपमोलाल लल्लुभाई मादीबास पालनपुर गुजरात।
१४	२१)	स्थानक वासी जैन श्री संघ अम्बाला (पंजाब)।
१५	२०)	श्री सेठ मगनीरामजी लछीराम जी लोढा के सुपुत्र राजमल जी मोहनलालजी लोढा कूकड़ा वाला के विवाह के उपलक्ष में।
१६	२०)	देवराज कालुराम ब्यावर (राजपूताना)।

निवेदक—

सेठ देवराज भंवरलाल सुराणा

ब्यावर (राजपूताना)

कविता कुञ्ज में आये हुये ।

विषय

|| श्री वीतरागाय नम ||

प्रात स्मरणीय त्यागमूर्ति जैनागम तत्ववारिधि श्रीमज्जैनाचार्य स्वर्गीय पूज्य श्री खूबचन्द्रजी महाराज विरचित एवं पंडित मुनि श्री हीरालालजी महाराज द्वारा संग्रहित

जैन कविता कुंज

* दोहा *

अरिहन्त सिद्ध आचार्यजी, उपाध्याय अणगार। खूब कहे सुमरो सदा, हो जावो भवपार ॥१॥ खूब गुरु उपदेश से, हो अज्ञान का नाश। रहे अंधेरा जिम नहीं, सविता (सूरज) के प्रकाश ॥२॥ सत्य शील निर्लोभता, दया क्षमा भरपूर। खूब कहे उस सन्त की सेवा करो जरूर ॥३॥ गुरु वैद्य माता पिता, और भूप के पास। खूब कहे पूछे तभी, दीजे साफ प्रकाश ॥४॥ शूर पुरुष देखे नहीं, सकुनादि तिथी वार। खूब सदा ही निडरता, ताकू कहां विचार ॥५॥ सिर मुँडाय साधु होवे, काम दाम तज धाम। खूब कहे उस सत को, कहा दाम से काम ॥६॥ साधु सेठ और वैद्य के, अवश्य मुलामी होय। खूब कहे इन तीन की, शोभा करे सब कोय ॥७॥ दुनिया में दाता घणा, आशा हित दे दान। खूब मोक्ष के हेत दे वे विरला नर जान ॥८॥ खूब साज दियो वक्त पै, आखिर अपनो जान। नुगरो ते गुण भूल के, निकल्यो डांस समान ॥९॥ खूब दान चौड़े करे अपनी महिमा काज। टुकड़ा भी देवे नहीं, जो द्वार खड़ा मोहताज ॥१०॥ दुखी वियोगी बावरो, क्रोधी शठ इन्सान। खुब बोलता पॉच को, रहे नहीं कुछभान ॥११॥ पक्ष नहीं पैसो नहीं, खाली जणावे जोर। खूब कहे वो मानवी, सींग पूँछ विन ढोर ॥१२॥ उद्यम कबहु न छोड़िए, यद्यपि कष्ट पड़त। खूब कहे उद्यम किया, कीडी शिखर चढ़त ॥१३॥ परउपकारी ना हुवो, बड़ो होय जग

घर घरे, क्यों न होय बदनाम ॥४०॥ एक इन्द्रिय के वश पड़े, प्राण तजे तत्काल । खूब पॉच के वश पडे, उनका कौन हवाल ॥४१॥ खूब कहे जो मानवी, कर्म किया अति नीच । लोग बतावे ऑगुली, धिग् जीव्यो जग बीच ॥४२॥ खूब ऊँच के संग से, बधे तेज प्रताप । नीचे की संगत किया, उल्टी जावे आब ॥४३॥ खूब देख पर संपदा, दुष्ट भाव मत लाय । जो जैसी करणी करे वैसा ही फल पाय ॥४४॥ स्वारथ को संसार है, बिन स्वारथ नहीं कोय । ज्यों पंडित की पत्रिका, वर्ष लग आदर होय ॥४५॥ तन बुद्धि मुँह प्रकृति अरु भाषा भाग्य विचार । खूब कहे सब मनुष्य में, मिले नहीं इकसार ॥४६॥ अधो वाय खासी हसी, छींक उभासी डकार । खूब कहे सब मनुष्य में, मिलती हैं इकसार ॥४७॥ खूब मीन सज्जन मुनि ना किसको कुछ केत । ताको बिन अपराध ही, दुर्जन जन दुःख देत ॥४८॥ खूब योग्य नर जाण के, शरण लहे कोई आय । आप निभावे जन्मभर, पिछले को कह जाय ॥४९॥ नारी नारी एक है, सकल जगत भरपूर । भगनी भार्य्या सोच कर चतुर पुरुष रहे दूर ॥५०॥ खूब पात्र अन्न वस्त्र के, पग ठोकर दे देय । मैं तो बडों के मुँह सुनी, अशुभ जानते ज्ञेय ॥५१॥ मिष्ट बोल करजो लहे हर्षित खूब अपार । जब वो आवे मॉगवा लडवा होय तैयार ॥५२॥ बिना काम बिन पूँछिया, रे मानव मत बोल । खूब मौन कर रीजिए तजिए हँसी किलोल ॥५३॥ खूब देख कुछ जाति का, कर लेते उनमान । अब तो हुवे बहुरूपीया, होती नहीं पहिचान ॥५४॥ भाषण देवे जोशीला मिस्टर बाबू साहब । खूब लाग माने नहीं, उनके ढंग खराब ॥५५॥ खूब पेट में कपट है, दीखत के नर नेक । नारंगी फल सारिखा, भीतर फॉक अनेक ॥५६॥ खूब तुरत समझे सभी ते खरबुज समान । दीखत फाक अनेक है भीतर एक ही जान ॥५७॥ खूब मान जग में बुरो, मान बहा अपमान । न्याय दशारण भूप को लीजो समझ सुजान ॥५८॥ मास्टर दुर्व्यशनी हुवे उनकी संगती माय । बिगड़े क्यों न विद्यार्थी खूब कहे समझाय ॥५९॥ दो विभाग एक खेत के बोयो बीज दोई बीर । खूब साख का निपजना, है अपनी तगदीर ॥६०॥ खूब बात देखी सुनी कहन योग नहिं होय । राखो पूर्ण गम्भीरता, प्रकट करो मत कोय ॥६१॥ चूक देख शिक्षा करे कठिन शब्द में कोय । खूब कहे हित मानिये आगे पर गुण होय ॥६२॥ सेवा तपस्या सरलता, शास्त्र पठन वैराग । इन बातों पे अब कहा खूब पूर्ण अनुराग ॥६३॥ खूब बडा के प्रेम से, करे सब नर कोय । गुणी बन ज्ञानी बने, सर्व कार्य सिद्ध होय ॥६४॥ मेवाड़ का मानी घणा, अधिक मान को धोंग । जोखम मोखम जीमणो, बडो हुकम रो सोंग ॥६५॥ चित्त हरणी घरणी मिली, भृत्यक चतुरंग सेन ।

राज वैभव सुत मित्र है जब लग खुले दो नैना ॥१६॥ आँधा लूला लंगड़ा परखे, धोला चमके केसां में। सूव कहे बहिरा भी परखे, करामात है पैसा में ॥१७॥

पहेलियाँ—प्रश्न—एक नारि डंडे पर बैठा, सब शीश पर लम्बी जटा। तिसाम्बरी माला नहीं फेरे, पूत होय जब धोला पहरे। उ० 'मुट्टा'

प्र०—नव पयोधर पतली काय, उगो कमल नाभि के मांय। नम मांस तन ऊपर नाय, सूव मथा चौड़े दरसाय ॥२॥ उत्तर—तराजू(तकड़ी)।

प्र०—पर पायां पीने घणो, डरे नहीं डर मांय। नर पुठे सुती रहे, सूव विख्यात दिखाय ॥३॥ उत्तर—मसक।

प्रश्न—पांव बिना डूंगर चढ़ बिना मुखे गज खाय। सूव पसरे वायु लगे, जल पायां मर जाय ॥४॥ उत्तर—अग्नि (आग)।

प्रश्न—सूव मार पग पाव की तीन नैन से मासे। एक पांव ऊंचो रक्खे, चार पांव से नासे ॥५॥ उत्तर—मोटर।

प्रश्न—पाप कर्म करते "रहो" जा सुख पावो सेण। सूव कहे मानो सही, ये सतगुरु के बेण ॥६॥ उत्तर ठहरो।

प्रश्न— सुता मात सासु बहू, ननंद भोजाइ माय। सूव कहे ये पुत्रियां, कितनी २ थाय ॥७॥ उ०—नौ दो (माता बहु बेटी ये तीन थी)

प्रश्न-पिता पुत्र सालो बहनोई, मामो भाणेज और नहीं कोई। सूव कहे नव घेवर लाये, कितने २ सबने आये। उ०—३-३(पिता,पुत्र साला तीनथे)

प्रश्न—दो पयोधर लटकता, पतलो ताम शरीर। सूव उठाया नर फिरे, के घर के जल तीर ॥८॥ उत्तर—कावड़।

प्रश्न—वन में देखी "कोकिला", थे, सिर पर दो पांय, सूव कहे मानो सही, इस में संशय नांय ॥१०॥ उत्तर—परमेश्वर करके पढ़ो।

प्र०—तो मे का गज लायओ, भूपति भाखा दीन। सूव कहे एक पाव के, अर्थ होत हैं तीन ॥११॥ उ०—कागज, काग अलायओ, गज लायओ

प्र०—जो मिलिया सो दोय में, एक में मिले न कोय। जो एक में आ मिले दो में मिले न कोय ॥१२॥ उ०—जंगम, स्थावर, सिद्ध है,

कुछ तुकें—(एक) रास्ता को धाम १, फायदा को काम २, जागीरी को गांम ३, घर बैठा दाम ४, मुफ्त में नाम ५, (दो) गल सड़ लातां से १, मूर्ख लड़े हाथां से २, पण्डित लड़े बातां से ३, श्वान लड़े दांतां से ४, (तीन) मिलणो बीरा को १ ब्योपार हीरां को २, जीमणो सीरा को, बगार जीरा को ४, (चार) पको मायाँ को १, बैर भायां को २, गायो बायां को , दूध गायां को ४, (पांच) मोसम में राड़ १ रास्ता में भाड़ २, नदी में भाड़ ३ (छः) किवाड़ की कील १, जगत में भील २, आकाश में चाल ३, राज में वकील ४, (सात) बधू बिना गाड़ी १, भाड़े बिना लाडी २ फूल बिना वाड़ी ३, अगल बिना माड़ी ४, रंग बिना साड़ी ५, भैंस

बिना पाडी ६, (आठ) सोना सेजों का १, बैठना मेजों का २, मरना हैजों का ३, (नो) कर्मों के लिहाज नहीं, नागा के लाज नहीं २, रक के राज नहीं ३, समुद्र के पाज नहीं ४, (दस) कुबद काणा की १, समझ स्याणां की २, करामात नाणा की ३, (इग्यारा) राड़ हाट्या की १ गोट बाट्यों की २, लड़ाई लाट्यों की ३, (बारह) गद्धा के ज्ञान नहीं १, दातरा के म्यान नहीं २, बेडों के शान नहीं ३, (तेरह) सभा सोहे राजा से १, ब्याह सोहे बाजा से २, महल सोहे छाजा से ३, (चवदह) जल में कभी न लागे आग १, आग में कभी न लागे बाग २, गूँगो कभी न गावे राग ३, धोया उज्वल होवे न काग, एता होय तो मोटा भाग (पन्द्रह) हाकमी गर्म की १, साहूकारी भर्म की २, बहु बेटी शर्म की ३, दुकानदारी नर्म की ४, (सोलह) गाडी को भय टूटण को १, काया को भय कुटण को २, माया को भय लुटण को ३, बूढ़ा को भय उठण, ४, साधु को भय झूँठण को ५, (सतरह) करजे लडाई तो बोलजे आड़ो १, करजे खेती तो राखजे गाडो २, राखज भैंस तो बान्धजे बाडो ३, (अठारह) ताण में टेकी १, धर्म में नेकी २, जोबन में सेखी ३, (उन्नीस) पच राणा १, पच स्याणा २, ३ पच काणा ३, पच धूल खाणा ४, पच खेंचा ताणा ५, (बीस) देवाण गसाण १, सेठाण गयाण २, राजाणं दुकमाण ३, गोलाण गण्शाण ४, (इकीस) करे सो भरे, फूटा सो झरे २, झूँठा सो डरे ३ पाका सो खरे४, जन्मे सो मरे ५, (बाईस) कुत्ता बिना गाम कहा १, गुण बिना नाम कहा २, पाणी बिना कुप कहा ३, न्याय बिना भूप कहा ४, (तेईस) घणों पटेला बिगड़े गाव १, घणां भोपा से उठे धाम २, त्रड्या कचेरी खुट्या दाम ३, पूत कपूतां उठयो नाम ४, (चौवीस) प्रश्न—सुसरा के घर नितको रेणो १, माँग पराये पहिरे गेणों २, छतो पईसो राखे देणो ३, उत्तर—इन तीनों को मूर्ख कहजो (सतावीस) दोहा—खुशी मनाई राख्यो बेटो, थोड़ा दिनों म मॉड्यो खेटो। घर को फूट फजीतो कीदो, वेची नींद ओजको लीदो ॥ (अठावीस) जोड़ी प्रीत पेट में आँट्या, भेरा खाय गोट में बाट्यॉ निर्लज्ज होय लड़े ज्यों हाट्या, दे धिक्कार पडोसी डाट्यां (उनतीस) घणी दवा से बिगड़े तन्न, पर धन देखी बिगड़े मन्न, बिना भाव तो खावे अन्न, ये तीनों ही मूरख जन्न ॥ (तीस) बिना काम को परघर जाणो, बिना भूख को भोजन खाणो, बिना अवसर को गायन गाणो, बिना लाभ को खरच बढाणो, इन चारों को मूरख जाणो ॥ (इगतीस) नीची नजर मयूर सी बोली, कर में रहे समरणी। बाहिर सत सरीखा दर्शे, भीतर बहे कतरणी। खूब मुनि कहे जो नर एसा, उनसे बचते रहो हमेला ॥ (बत्तीस) गली बीच की तीन लाख, बारह लाख बजार की। चुगल खोर के मुँह ऊपर, पन्द्रह लाख पेजार की ॥१॥

कवित्त—अरिहन्त स्तुति—पहले पद अरिहन्त, चार कर्म किया अन्त लिया है मुगती पंथ, केवल के धारी है चौतीसे अतिशे गुण मोटा है, द्वादश गुण तीन लोक मौही, प्रभु कीरति पसारी है॥ अनन्त बली है आप, नहीं है गुणों को पार, धर्म विस्तार प्रभु घोर ब्रह्मचारी है। सुखचन्द कहे कर जोड़ के नमाऊं शीश, ऐसे अरिहंत ताको वन्दना हमारी है ॥१॥ सिद्ध स्तुति—दूजे पद सिरी सिद्ध हुआ है पन्दरा भेद, मैंने भी उम्मीद तोरे दर्शनों की धारी है। आठों ही करम छेद पाया है मुगति महल, अनंत सुखों की शहल जान, ज्ञान रमा सारी है॥ रंग रूप कर्म काया, मोहनी ममता माया, दुःख ने दरिद्र रोग, सोग लेश्या टारी है। सुखचन्द कहे कर जोड़ के नमाऊं शीश ऐसे सिद्धराज ताको, वन्दना हमारी है ॥ २ ॥ आचार्य स्तुति—आचारज तीजे पद, छोड़ दिया आठ मद हरत करम रद सद्गुण धारी है। छत्तीस गुणा सोहन्त, शरीर स्वरूप कन्त संघ में सोहन्त लेठो पर उपकारी है॥ छः काया के प्रतिपाल ऐसा है दयाल, जिन वचन रसाल, जामें चित्त रम्यो भारी है। सुखचन्द कहे कर जोड़ के नमाऊं शीश, ऐसे आचारज ताको वन्दना हमारी है ॥ ३ ॥ उपाध्याय स्तुति—चौथे पद उवज्झाय, पचीस गुणों के धार, नर्मं चित पाँच, ज्ञाने प्रगम्या धारी है। चवदा पूरव अंग, इग्यारह उपांग वाचक, भणे ते भणावे आप, ऐसा उपकारी है॥ रुचि है अगम ज्ञान ध्यान में मगन शिवपुर की लग लग रही अति भारी है। सुखचन्द कहे, कर जोड़ के नमाऊं शीश, ऐसे उपाध्याय ताको, वन्दना हमारी है ॥४॥ साधु स्तुति—सुनके जिनन्द वाणी, अन्तर वैराग्य आणी, संसार अनित्य जाणी हुआ व्रतधारी है। गुण हैं अठारे सव, बोलत मधुर रव, सुधारे मनुष्य भव सुमति विचारी है। दिपावे भी जिन धर्म तोड़े आठों कर्म, वह पावे है परम सदा जांकी बलिहारी है। सुखचन्द कहे कर जोड़ के नमाऊं शीश, ऐसे मुनिराज ताको, वन्दना हमारी है ॥५॥ परमेष्ठी गुण—अरिहन्त देवजी विराजमान बारे गुण, सिद्धजी विराजमान आठ गुणधारी है। आचारज जी छत्तीस गुणों से विराजमान, पच्चीस साथ से उपाध्याय गुणा धारी है। सत्ताईस गुणों करी साधुजी विराजमान मोक्ष अभिलाषी अप आतम को निधारी है। सुखचन्द कहे कर जोड़ के नमाऊं शीश, ऐसे पाँचो पद ताको वन्दना हमारी है ॥६॥ गुरु प्रशंसा—राजा जी प्रसन्न होय ग्रामादिक बक्षीश करे, सेठजी प्रसन्न होय नौकरी बढ़ाय दे। मा पितु प्रसन्न होय बतावे गुप्त वित्त पति जो प्रसन्न होय जेवर घड़ाय दे॥ देवता प्रसन्न होय पुत्र और धन देय सरदार प्रसन्न होय इनाम चढ़ाय दे। सुखचन्द कहे गुरुदेव जो प्रसन्न होय जनम मरण भव भव से छुड़ाय दे ॥७॥ गुरु की

अप्रसन्नता—राजा जो कुपित होय फाँसी शूली कैद करे, सेठजी कुपित होय घर से निकास दे। मा पितु कुपित होय धन्न से निराश करे, पति जो कुपित होय मार ताड़ त्रास दे। देवता कुपित होय पुत्र जोरु धन हरे, उस्ताद कुपित होय पद बदमाश दे। खूबचन्द कहे गुरुदेव जो कुपित होय, आग नाग बाघ जैसे छिन्न में विनाश दे। गुण बिना नाम—नाम तो शीतलदास छेड्या सेती क्रोध करे नैनचन्द नाम पण जनम को अन्ध है। दयाचन्द नाम दिल दया की रहस्य नाँही, ज्ञानचन्द नाम नित करे खोटा धन्धहै॥ नाम तो अमरचन्द जीयो है अलपकाल, सदा सुख नाम पण दुःख को सम्बन्ध है। खूबचन्द कहे अणी दृष्टांत सुजान नर, गुण बिना नाम जैसे श्वान पै सुगन्ध है॥ ९॥ नाम तो लक्ष्मी बाई छाणा बीणे बन्न माँही, रूपा बाई नाम, रूप काग से सवायो है। दया बाई नाम पण जूँआ लीखा मारे नित, स्याणी बाई नाम जनम राड में गवायो है। नाम तो जडाव बाई पास न ताँबा को तार, राजी बाई नाम रोवे होनडो चढायो है। खूबचन्द कहे ऐस, गुण बिना नाम, जैसे मोतियों को हार मानो भैंस ने पहिनायो है॥१०॥ रुचि बिना—रुचि बिना ज्ञान ध्यान, रुचि बिना दान मान, रुचि बिना खान पान कैसे, बण आवेरे। रुचि बिना दया सत्य शील ने सन्तोष वलि, रुचि बिना वणज व्योपार नहीं थावेरे॥ रुचि बिना जप तप, रुचि बिना करे खप, रुचि बिना धर्म कथा कान न सुहावे रे। खूबचन्द कहे अणी दृष्टान्त सुजान नर, अन्तस की रुचि है तो फेर काँई चावे रे॥११॥ पाप को घड़ो—सेर की हाँडी में मुद दो सेर घालन लागो, ज्ञानी कहे देख भाई ऐतो न समायगो। दो दिन को प्यासो भूखो, नीठ कर मिली तोकूँ, भूख तो घणी छे ऐती खीचड़ी न खायगो॥ मूरख न मानी साच, लगाई अगनी आँच, ढकण ढक्यो छे पण, पीछे पछतायगो। खूबचन्द कहे, अणी दृष्टान्त सुजान नर, पाप को घडो तो कोई दिन्न फूट जायगो॥ १२॥ लालची कुत्ता—श्वान एक अति भूखो, जाको तालीलूखो सूको, नीठ कर मिल्यो टूको, मुढनहीं खावेरे मुँह में लेईने हाल्यो, नदी के किनारे चाल्यो, आपको आकार जल मांही दरशावेरे। दूसरो रोटी को टूको जाणी न लेवण ढूको, मूल ही को खोयो, पीछो नजर न आवेरे। खूबचन्द कहे अणी दृष्टान्त सुजान नर, लालच करे सो निज गाँठ को गमावेरे॥१३॥ बिल्लियों का न्याय—दो बिल्ली एक रोटी, मिली तब सलाह घोटी, बन्दर के पास जाय हिसाव करावे रे। छोटा मोटा टूक करी, तराजू के माही धरी, नमे जिसे कपि रोटी, ज्यादा तोड़ी खावेरे। सूँपो थें तो रोटी म्हारी, न्याय न करावाँ मैं तो, कपि सब खागयो तब, बिल्ल्याँ पछतावेरे। खूबचन्द कहे, अणी दृष्टान्त सुजान नर, कपटी के पास जाय न्याय

क्यों करावे रे ॥१४॥ बन्दर की मूर्खता—तरखाण नदी के तीर, लकड़ चाळो तो चीर अधूरो छोड़ि न फाँचो, घाली घर आयो है। इतने तुरत तिहां बन्दर आईने बैठे दोनों चीर बीच निज, पूछ ने फंसायो है ॥ चंचल स्वभावी फाँचो, पकड़ हिलायो तब निकल गयो पे भांरी पूँछ पकड़ायो है। सुगनचन्द कहे भवी दृष्टान्त सुजान नर, पर को बिगाड़यो काम नेकी दुख पायो है ॥१५॥ मेंढ़ का न्याय—मीठी दाख तणी बेल ऊंची गई अर्मी को ठेल तब पै रही थी फैल, तिहां बन मांही रे। मेढ़ाँ चरे चार कोपी तिण में से एक मोटी डील कर दोड़ी पण मूँह पूगा नांही रे। मोटी पीछी फिरी तब, पूछी मेढ्याँ पूछो जद मुंह को गिगाड़ बेल कड़वी बताई रे। सुगनचन्द कहे। तो स्वारथ न पूगे जब कलंक बतावे मूढ़ गुणी जन मांई रे ॥ १६ ॥ बिया और बन्दर का न्याय—बियो कहे बन्दर भवी मौसम बरसात तणी ज्यम करेनी मूढ़, बैठे रेव करि रे। मानुष री देह धारे, दुःख में क्यों दिन गारे देवण वे काम पर लेवेनी बणाई रे। हितकारी देवां सीख, कोध में हुओ अधिक बन्दर बिया को घर। तोड़ नाख्यो मारे रे। सुगनचन्द कहे भवी दृष्टान्त सुजान नर ऐसे मूढ़ जन ताको सीख दीजे नाई रे ॥ १७ ॥ काग हंस का न्याय—काग हंस भए बेहर, दोनों अणा रहे सेर, कागको कुबुधि लाखो, हंस ने उडाय रे। नृप घबराय, वन मांही सूतो तरु छाँह, तेह री डाल ऊपर, बैठा दोनों आय रे। काग बड़ी लायो ऊठ, मुँह पड़ी गई छूट, नृपति पै गिरी काग, भागी दूर जाय रे। सुगनचन्द कहे एती नीच की संगति सेती, नृप मारयो पाप दियो हंस ने पोढाय रे ॥१८॥ काग सुवा का न्याय—काग सुवा दोनों मित्र बागां मांही रहे नित, फल फूल खावे तिहाँ, मान अति सुख रे। काग कहे सुन सुवा, अठे घणां दिन हुवा, चालो म्हारे वन विमां, जायाँ मा ने भूख रे। लेरां आगे सुवो, विक्रा देनी ने चकित हुओ, खाता भागी चोंच, तब करे अति कूक रे। सुगनचन्द कहे अति दृष्टान्त सुजान नर मूढ़ की संगत मत, कीजे भूल चूक रे ॥ १६ ॥ रंक का न्याय—रंक एक वन मांही, सुतो तब नींद आई, सपना में हुओ जिमे पृथ्वी को नाथ रे,। छत्तर धरावे शीश, उमराव मोटा बत्तीस खमा ? कर कोई जोडी दोनों हाथ रे। थावका ने गये नाम, पुरे है निशान घणी, रतन सिंहासन बैठो हुकम चलात रे। सुगनचन्द कहे भवी दृष्टान्त सुजान नर, सुपना सी सभ्पति में क्यों राखे दिन रात रे ॥२ ॥ बजाज का न्याय—मोटो बजाज, परदेश में कमावा काज आख्यो कर मिजाज त्रिया कहे झट आवज्यो। कमाई हुवा से म्हारे, बींदी बीजणा बाजू मेला, हार माला मय नूप छुहारे ने लावजो भोजन के काज एक लावजो रेशमी चीर। नव ही रकम आप भूल मत जायजो। सुगनचन्द

कहे नारी, धूतारी यों बोली नांही, आगरा को पेचो एक थाके लेता आवजो ॥२१॥ सप्त व्यसन का न्याय--प्रथम व्यसन सतगुरु की करीजे सेव, दूजो यो व्यसन जीव दया नित कीजिये। तीजो यो व्यसन सत्य वचन धारण कर, चोथो यो व्यसन तू शील में दृढ़ रीजिये। पांचमो व्यसन नित्य नियम धारण कर, छटो यो व्यसन तू सुपात्र दान दीजिये। सातमो व्यसन मन सन्तोष धारण कर, खूब मुनी कहे इन शिव पुरी लीजिए ॥२२॥ कुछ काम नहीं आवे—सोनारा के पावणो आवे तो घड़े सोनो चाँदी, कुँभार के आवे तोंसु हाँडला घड़ावेरे। दरजी के आवे, तासु वस्त्र सिवावे, और छीपा के आवे, तासु चुँदड़ी वधावेरे। खाती के आवे, तासु लकड घड़ावे और, किसान के आवे, तासु हल ने हकावेरे। खूबचन्द कहे तत, सुनो हो विवेक वत, वाणया का पावणा कुछ काम नहीं आवेरे ॥२३॥ पिता पुत्र का न्याय- पिता ले पुत्र के तांई, ब्याहन आयो चलाई, सगो रूस गयो तव, रुपैया गिणावेरे। एते वींद, आई नींद पिता कहे शीघ्र आई, उठ वेटा फेरा लेले, सगो परणावेरे। जान्या है वहुत लेरा जाने तू देई देफेरा, मीठी मीठी नींद आवे, मोने क्यों जगावेरे। खूब चन्द कहे अणी दृष्टान्त सु जाण नर, धर्म म प्रमाद किया पार किम पावेरे ॥२४॥ झूठ का न्याय—धन वत नर जाँके झूठ को नहीं है डर, हांसी में कहत, धावो धावो चोर आया है। तुरत सुणी ने कई सुभट दोडी ने आवे, ताको कहे मैं तो यू ही वचन सुनाया है। ऐसे ही करत ताके एक दिन चोर आया, दौड़ो दोडो कहे पण कोई न सिधाया है। खूबचद कहे सत प्रतीत उठावो मत, प्रतीत उठाई जाने प्राण ही गमाया है ॥२५॥ कौन काम की—राज महाराज पायो, घोड़ा गजराज पायो, खजाना अखूट फिरे आण निज नाम की। कुटुम्ब सयोग पायो, उत्तम सुभोग पायो, शरीर निरोग है, अत्यन्त छवि चाम की। ऊचा सा आवास पायो, दासी अने दास पायो, वुद्धि को प्रकाश निगरानी सव काम की। खूबचन्द कहे भाई सव ही सपति पाई, दया धर्म बिना जिन्दगानी कौन काम की ॥२६॥ गुजरी मेवाड़ की—नन्दजी के लाल, थारो नाम गऊपाल, तू तो गऊवाँ चरावे, बैठो रहे छाया झाड़ की। दोड्यो २ आवे नेड़े म्हाके क्यों लग्यो है केड़े। ऊरीवा ने छेड़े थारी फूटी हिया नाड की, इच्छा है तो मान कान दूध ने दही को दान, दांगा, थने आवे जद मौसम असाढ की। खूबचन्द कहे कानो देखत ही रह गयो, जवाव देई ने गई गुजरी मेवाड़ की ॥२७॥ मारवाडी साधुओं का कहना--मेवाड मालवा माही मोकण घणां छे भाई, बटका भरे छे पूरी नींद नहीं आवेरे। मच्छर मकोडा वटे, घणा पाड़े फोड़ा, और डाँस माँस सभी चटा चट चटकावेरे। उत्तराध्यन शूत्र का दूसरा अध्येन

मोटी पांचमो पचीसो सातवो दोहिलो पचावरे। सूखचन्द कहे इस बोले मारवाड़ी साधु, मेवाड़ मालवा मोटी किस विध आवेरे ॥२८॥ विना चतुराई वाली औरत—माथो ऊपर ठाव ठाव जु ओं को फटके। गू गा भरिया नाक, आंख में कीचड़ लटके। सेडो निकले बाहर सार मु डा से टपके। सूख सुगाली नार देख मांखी भटके ॥२६॥ चोमासो करावणो—चारों ही मास वखाण करे, समभाव से सूत्र सुणावणो है। चोपी रसीली हो कंठ कला, मांडु राग मल्हार को गावणो है। कोड़ी को खर्च भी नाय पड़े, बस धर्म की ज्योत दीपावणो है। सूख कहे ऐसे साध मिले तब, क्योंमी चोमासो करावणो है ॥२०॥ सुधारे—ज्यों दरजी पट सार अमोलक, बेंत करी कतरा कर डारे, ज्यों तर खान करोती बिसोले से काष्ट को फाड़ के छोड़ उतारे। ज्यों कुम्भकार मिटी घर में जग लेकर थापक थापक मारे। या विध सूख कहे गुरु देव भी, सबी सुभाव के बम्म सुधारे ॥२१॥ खुशी है—गाज आवाज मयूर खुशी सुण, चन्द्र को देख चकोर खुशी है। मात को देख के पुत्र खुशी, और ज्यूं चकवो रवि देख खुशी है। फूल सुगंधित देख अली सुण, चातक मेघ को देख खुशी है। या विध सूख कहे मिथ्यासर, धर्मी को देख के धर्मी खुशी है ॥२२॥

पंजाब की बोल चाल की भाषा—असी २ (हम) तुसी २ (तुम) साड़े २ (हमारे) साड़ु २ (मुझे) काली २ (जल्दी) कोल २ (नजदीक) कुड़ी २ (लड़की) काम में। जेड़ा २ (जौनसा) केड़ा २ (कौनसा) लोड़ २ (चाह) चंगा २ (अच्छा) तिमी २ (औरतें) रोला २ (जोर के शब्द) गल २ (बात) गाम में। चुक २ (उठाओ) छुपो २ (चलो) काकी २ (छोटी लड़की) काको २ (छोटा लड़का) भाषो २ (बोलो) मुंडो २ (बड़ा लड़का) मीको २ (छोटा लड़का) गाम में। सूखचन्द कहे स्याणा, झूँठी हो तो पूछ लेया। सुखी २ कई ऐसी बोली है पंजाब में ॥२३॥ पहेलियां—एक बगीचे में पुत्र पिता अरु, सीको सालो अने चौथो बहनोई। पाँचमो मामो ने छट्ठो भाणेज है पाँचे सिवा बस और न कोई। दो २ लड्डु सेंके एक ही थाल में, जीम लिये बस शामिल होई। सूख कहे लड्डू थे किसने, जो जोड़ बतावे, सो पण्डित होई ॥२४॥उत्तर—६ लड्डू थे जीमने वाले पुत्र पिता और साला ये तीन थे। मुनीराज—इस जिन शासन में कई मुनिराज हुये, ज्ञान के भंडार जिन मारग दीपावरे। तिरन तारण जहाज सारे आतमा का काज, वैसे मुनिराज निस्य मिथ्यात्व ऊथापेरे। कोई में क्षम्या का गुण कोई में विनै का गुण, व्यावच का गुण कोई स्वर्गे सिधावेरे। सूखचन्द कहे मेरे गुरु नन्दलालजी के, चरण नम्यों से मन २ सुख पावेरे ॥२५॥ नं० १—अरिहन्त सिद्ध वन्दना—तर्ज-पारस प्रभु से अर्ज हमारी

है दिन रात, मेरे तो वही देव है अरिहन्त सिद्धवर। करता हूँ उसे वन्दना मै सिर झुकाय कर ।।टेक।। हैं गुण अनन्त ज्ञानादि सब
द्रव्य के ज्ञाता। सुरेन्द्र और नरेन्द्र भक्ति करते हैं आय कर। करता हू० ।।१।। विषय कषाय जीत कर कहलाते वीतराग। खड्-
गादि शस्त्र ना रखें वे धैर्य लाय कर। करता हूँ०।२।। महिमा अपार सार जिनकी त्रिहु लोक में। फिर पाते हैं शिवधाम सब दुःख
को मिटायकर। करता हूं० ।।३।। सिद्धों के सुख की ओपमा न कोहि वता सके। नहीं आते मुड़के फिर अचल गति को पाय कर।
करता हू० ।।४।। मेरे गुरु नन्दलाल जी मुझ पै करी मया। शुद्ध देव की पहिचान दी सागे वताय कर। करता हूं० ।।५।।
२ नं०—सुगुरु वन्दना तर्ज—पूर्ववत—जो साधु सयम के गुणों में दिल रमाते हैं। ऐसे गुरु के चरण में हम सर झुकाते हैं।।टेक।।
जो हिंसा झूठ चौरी मैथुन परिग्रह। पॉचों ही आश्रम त्याग के त्यागी कहाते हैं। ऐसे० ।।१।। मान या अपमान, लाभ या अलाभ
हो। सुख दु:ख निन्दा स्तुति में समभाव लाते हैं ऐसे० ।।२।। गृहस्थ या कोई क्षेत्र से न ममत्व भाव है। नवकल्पविहारी कथा निर्वद्य
सुनाते हैं। ऐसे० ।।३।। प्रतापना और भूख प्यास शीत उष्ण का। सहते परिषह आप न चित को चलाते हैं। ऐसे० ।।४।। मेरे गुरु
नन्दलाल जी कहते सही सही। वोही मुनि भव सिन्धु से तिरते तिराते हैं। ऐसे० ।५।। नं० ३ हितोपदेश गजल--पाई है तू अन-
मोल ऐसी जिन्दगी ऐ नर। इस लोक की परवाह नहीं परलोक से तो डर ।।टेक।। सन्तों का कहना मान के जुल्मों को छोड़ दे।
नहीं तो जिया आगे तुझे पड जायगी खबर। इस० ।।१।। दिन चार का महमान तू विचार तो सही। तैंने क्या किया शुभ काम यहाँ
पृथ्वी पै आय कर। इस० ।।२।। चौरासी लक्ष योन में टकराता तू फिरा। निकल गया अन्धियारा अब तो होगई फजर। इस०।।३।।
मान से वस जाति या परजाति धर्म में। तैंने डलाई फूट किसी नरक पै कमर। इस० ।।४।। मेरे गुरु नन्दलालजी देते हितोपदेश।
मञ्जूर करले फिर तो है सुरलोक की सफर। इस० ।।५।। चेतावनी— [तर्ज—लाखों पापी तिर गए सत्संग के परताप से] कहने
वाला क्या करे तेरी तुझे मालूम नहीं। कुपन्थ में अब क्यों चले तेरी तुझे मालूम नहीं ।।टेक। आया था किस काम पै और काम क्या
करने लगा। खास मतलव क्या हुआ तेरी तुझे मालूम नहीं, कहने० ।।१।। पाया जो धन माल कुछ शुभ काम में निकला नहीं। कुकार्य
में पैसा गया तेरी तुझे मालूम नहीं, कहने० ।।२।। लोह की गठरी वांध के तैंने उठाई शीप पै। पार होना सिन्धु से तेरी तुझे मालूम
नहीं, कहने० ।।३।। जहर खाकर जीवना प्रतिबोध सुते सिंह को यों पाप का फल है बुरा तेरी तुझे मालूम नहीं, कहने० ।।४।। मेरे

गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। अब हाथ आया मोक्ष का तेरी तुझे मालूम नहीं, कहने०।४॥ नं ५ कर्मफल—कर्म यहां जैसा करे वैसा यह ही फल पायगा। इस लोक या परलोक में वैसा ही यह फल पायेगा ॥टेक॥ शास्त्र का फरमान है, हठ छोड़ के कर गोजना। पूर्व धामी कथ गए यह ही कथन मिल आयगा इस लोक ॥१॥ कोई सुखी दुःखी कोई रंक है कोई राजवी। कोई धनी कोई निर्धनी यह मनन ही मिल आयेगा, इस० ।२॥ कोई नरिन्द्र कोई परिन्द्र कोई छोटे मोटे जीव हैं। अपने २ कर्म से सुख दुख सभी भर आयगा इस लोक ॥३॥ कृष्णजी के भ्रात गजसुकमालजी हुए मुनी। बदला उन्होंने भी दिया कैसे तू छूट आयगा इस०॥४ शालिभद्रजी का मिली रिद्धि सुपात्र दान से। निज हाथ से कर दान तू भी वैसा ही फल पायगा, इस० ॥५॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। सब कर्मों का संग छूटने से मोक्ष का फल पायगा, इस० ॥६॥ ६—संसार की अस्थिरता—कौन यहां अमर रहा तू समझ ले अच्छी तरह। उमर तेरी जा रही तू समझ ले अच्छी तरह ॥टेक॥ डाभाग्र जल बिन्दु जैसी उमर तेरी अल्प है। दो पचास बस कर दे तू समझ ले अच्छी तरह, कौन० ॥१॥ कई सागरोपम लगे सुख भोगते सुर लोक में। वह भी स्थिति पूरी होवे तू समझ ले अच्छी तरह, कौन०॥२॥ पवन या मन की गति ज्यों वेग नदी का बहे। स्थिर नहीं सूर्य शशी तू समझ ले अच्छी तरह, कौन० ॥३॥ राज पाया मुल्क का किसी रंक ने ज्यों स्वप्न में। यह ठाठ कितनी देर का तू समझ ले अच्छी तरह, कौन० ।४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। सफल कर इस पल को तू समझ ले अच्छी तरह,कौन०॥५॥ नं ७ शुभ काम क्या किया मानुष का भव पाय के शुभ काम तैंने क्या किया। अपना किया औरों के लिए शुभ काम तैंने क्या किया ॥टेक॥ नामवर जीवन किया दुनिया में याद याद हो रही। भूला फिरे गरूर में शुभ काम तैंने क्या किया, मानुष० ॥१॥ मित्र मिल गोठां करी वेश्या गयाद बाग में। माल खा गए मस्करे शुभ काम तैंने क्या किया, मानुष० ॥२॥ तन से या धन से यहां नहीं जाति की रक्षा करी। प्रेम नहीं सत्संग से शुभ काम तैंने क्या किया, मानुष० ॥३॥ दिन गँवाया खाय के और निश गँवाई नींद में। यों पल तेरा सब गया शुभ काम तैंने क्या किया, मानुष० ॥४। मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। विद्वान् हो तो समझ ले शुभ काम तैंने क्या किया, मानुष० ।५॥ नं ८ सत्संग महिमा—सत्संग से ज्ञानी बन तू चाहे जिससे पूछ ले। मोक्ष भी हासिल करे तू चाहे जिससे पूछ ले ॥टेक। कई पापी हो चुके थे तिर गए सत्संग से। शक हो तो मेरी है रजा तू चाहे जिससे पछ ले ॥सत्संग॥ १॥ जैसे पत्थर नाव

के सग नीर में तिरता रहे। परले किनारे वह लगे तू चाहे जिससे पूछले, सत्सग ॥२॥ यों हलाहल ज़हर को भी वैध की सगत मिले। अमृत वनादे औषधि तू चाहे जिससे पूछ ले, सत्सग ॥३॥ सोनी सुवर्ण को उठा कर जलती पावक में धरे। फूँक कर निर्मल करे तू चाहे जिससे पूछ ले, सत्सग ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का नित यही उपदेश है। सुधरे पशु भी सग से तू चाहे जिससे पूछ ले, सत्सग ॥५॥ नं० ६-धर्म का असली स्वरूप—सच मान सन्तों का कहा यह खास असली धर्म है। किन्ही पण्डितों से पूछ लें यह खास असली धर्म है ॥टेक॥ जीवों की रक्षा करे और झूँठ ना बोले कभी। चोरी का त्यागन करे यह खास असली धर्म है, सच० ॥१॥ ब्रह्मचर्य का पालना सग परिग्रह का परिहरे। रात्रि भोजन न करे यह खास असली धर्म है, सच० ।२॥ पाँचों इन्द्री को दमे क्रोधादि चारों जीत ले। समभाव शत्रु मित्र पै यह खास असली धर्म है, सच० ।३॥ दान दे तप जप करे नरमी रखे सबसे सदा। शुभ योग में रमता रहे यह खास असली धर्म है, सच० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का नित यही उपदेश है। गुण पात्र की सेवा करें यह खास असली धर्म है, सच० ॥५॥ नं० १० श्रावक के गुण—समणोपासक के सदा गुण ऐसे होना चाहिये। अनुराग रक्ता धर्म में गुण ऐसे होना चाहिए ॥टेक॥ आवश्यक करके सुबह गुरुदेव के दर्शन करे। बाद फिर शास्तर सुने गुण ऐसे होना चाहिए, समणोपासक० ॥१॥ गुरुदेव आवे द्वार पै तब उठ कर आदर करे। दान दे निज हाथ से गुण ऐसे होना चाहिए, समणो० ॥२ हितकारी चारों सघ के समभाव सम्पत विपत में। गुण पात्र की स्तुति करे गुण ऐसे होना चाहिए, समणो० ॥३॥ धर्म से डिगते हुए को सहायता दे स्थिर करे। उदास रहे संसार से गुण ऐसे होना चाहिए। समणोपासक ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। न्यायी हो निष्कपटी हो गुण ऐसे होना चाहिए, समणो० ॥५॥ नं० ११ सुशिष्य के लक्षण—आज्ञा गुरु की मानता जो वही शिष्य सुशिष्य है। आज्ञा को पालन न करे जो वही शिष्य कुशिष्य है ॥टेक॥ वन्दना करके सुबह ही पूछले गुरुदेव से। आज्ञा हो वैसा करे जो वही शिष्य सुशिष्य है ॥ आज्ञा ॥१॥ आते जाते देख गुरु को हो खड़ा कर जोड़के। भाव से भक्ति करे जो वही शिष्य सुशिष्य है, आज्ञा० ॥२॥ लेन में या देन में या खान में और पान में। कार्य करे सब पूछ के जो वही शिष्य सुशिष्य है, आज्ञा० ॥३। जो २ सब दिन रात की किया वही करता रहे। चारित्र में माने मजा वही शिष्य सुशिष्य है। आज्ञा० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। निज दाव जीते मोक्ष का जो वही शिष्य सुशिष्य है, आज्ञा० ॥५॥ नं० १२- पतिव्रता के लक्षण--पति का

हरदम पाल मना पतिव्रता यही नार है। सुख में सुख दुःखी में दुःखी पतिव्रता वही नार है ।।टेक।। कुटुम्ब को सुखदायिनी सुसभ्य से मिलजुल रहे। सुमनी सुभागिणी पतिव्रता वही नार है। पति का० ।।१।। विपत में अनुकूल रहे दिल अस्थिर हो तो स्थिर करे। उपकार रहना धर्म की पतिव्रता वही नार है। पति का० ।।२।। सीता सती राजिमती जैसे रहे सुदृढ़ धर्म में। पर पुरुष को चाहे नहीं पतिव्रता वही नार है। पति का० ।।३।। रोष में पति कुछ कहे नहीं सामने बोले कभी। ज्यों त्यों दिल को खुश करे पतिव्रता वही नार है पति का० ।।४।। मरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। दासी बन रहे चरण की पतिव्रता वही नार है, पति का० ।।५।।

नं १३ हिंसा निषेध—नाहक सतावे और को यह तेरे हक में है बुरा। मान या मत मान पे मर तेरे हक में है बुरा ।।टेक। अपने करम कर्म से जिन योन में पैदा हुए। तू बेगुनाह मारे उन्हें यह तेरे हक में है बुरा, नाहक० ।।१।। सुख चिर पंछी पशु फिरते छुड़ाते जान का। रहम कर नहीं मन्ताना तेरे हक में है बुरा। नाहक० ।।२।। पीछे जो चच्चे रहे कौन पालना उनकी करे। परवश पन पे भी मरे यह तर हक में है बुरा। नाहक० ।।३।। तेरे जब काँटा लगे तब दुःख तुझे मालूम हुवे। इस तरह सब में समझ यह तेरे हक में है बुरा नाहक० ।।४। मरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। रहम जब तक दिल में नहीं यह तेरे हक में है बुरा। नाहक० ।।५।।

नं १४ मृषावाद निषेध—यार रख मर झूठ से तारीफ तेरी है नहीं। असल जामा खोवके तारीफ तेरी है नहीं ।।टेक।। झूठ से प्रतीत उठे झूठ से झूठा करे। लोग सब लापर गिनें तारीफ तेरी है नहीं। यार रख० ।।१।। वसु राजा का सिंहासन सत्य से रहता अधर। यह झूठ से गया नरक में तारीफ तेरी है नहीं। यार रख० ।।२।। नीच धन्धे झूठ को और कष्ट भी धन्धे नहीं। झूठ जिन्हें सब जगत तारीफ तेरी है नहीं। यार रख०।३।। झूठ से साधु को भी आचार्य पद आता नहीं। व्यवहार सूत्र में भी लिखा तारीफ तेरी है नहीं। यार रख० ।।४। मरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। तू झूठ में माने मजा तारीफ तेरी है नहीं। यार रख० ।।५।।

नं १५ अस्तेय निषेध—साफ हुक्म है शास्त्र का मर छोड़ दे तू तस्करी। तेरे हक में ठीक है मर छोड़ दे तू तस्करी ।।टेक।। यह नीत तस्कर की रहे करुणा न जिसके भाव में। सब जाति में चोरी करे मर छोड़ दे तू तस्करी, साफ० ।।१।। सुर स्थान या शिवस्थान या यह धर्म का स्थान है। मस्जिद मन्दिर न गिने मर छोड़ दे तू तस्करी साफ० ।।२।। सम जगह प्रियम जगह चोरी करे मारे मरे। समुद्र में चोरी करे मर छोड़ दे तू तस्करी, साफ० ।।३। सरकार में पावे सजा वह कैसे कैसे दुःख सहे। उसको न मिलने दे किसी

से नर छोड़ दे तू तस्करी, साफ० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। एक साधु जन इससे बचे नर छोड़ दे तू तस्करी, साफ० ॥५॥ १६—अब्रह्मचर्य निषेध- इज्जत बनी रहेगी सदा परनारी का सग छोड दे। अब भी समझ कोई डर नहीं परनारी का सग छोडदे ॥टेक॥ राजा कीचक द्रौपदी पै चित्त दियो तब भीम जी। छत उठा स्तम्भ बीच धरा परनारी का संग छोड़दे, इज्जत० ॥१॥ कई धन खोकर चुप रहे कई जान से मारे गए। कई रोग से सड़-सड़ मरे परनारी का सग छोड़ दे, इज्जत० ॥२॥ कई जूतियों से पिट गए कई जाति से खारिज हुए। कई राज में पकड़े गए परनारी का संग छोड दे, इज्जत० ॥३॥ शील में सीता सती फिर दृढ़ रही राजिमती इस तरह तू दृढ़ रह परनारी का सग छोड़ दे, इज्जत० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। शील में सुख है सदा परनारी का सग छोड दे, इज्जत० ॥५॥ १७—परिग्रह निषेध--माया को तू अपनी कहे अब तक तुझे मालूम नहीं। यह किसी की हुई ना होयगी अब तक तुझे मालूम नहीं ॥टेक॥ आया था जब नग्न होकर साथ कुछ लाया नहीं। पीछे पसारा सब हुआ अब तक तुझे मालूम नहीं, माया० ॥१॥ भाई-भाई सासु जमाई पुत्र और माता पिता धन के लिए शत्रु बने अब तक तुझे मालूम नहीं, माया० ॥२॥ बाबर अलाउद्दीन महमूद अकबर हुए बादशाह। वे भी खजाना छोड गए अब तक तुझे मालूम नहीं, माया० ॥३॥ अकृत्य कार्य तू करे दिन रात पच पच के मरे। क्या ठीक कोन मालिक बने अब तक तुझे मालूम नहीं, माया० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। सन्तोष घर आराम का अब तक तुझे मालूम नहीं, माया० ॥५॥ १८--क्रोध निषेध—क्रोध मत कर ऐ जिया सुन हाल छट्ठे पाप का। क्रोध की ज्वाला गरम रख खोफ इसकी ताप का ॥टेक॥ क्रोध जिसके छा रहा वहा सत्य का क्या काम है। सरलता नहीं, नम्रता नहीं रहे क्षमा गुण आपका, क्रोध की०। १॥ एक क्रोधी जिसके घर सब कुटुम्ब को क्रोधी करे। दिल चाहे जो बकता रहे नहीं ध्यान रहे माँ-बाप का, क्रोध की० ॥२॥ क्रोधी अपनी जान या परजान को गिनता नहीं। अवगुण निकाले और के यह काम नहीं सराफ का, क्रोध की० ॥३॥ प्रीति टूटे क्रोध से गुण नष्ट होवे क्रोध से। हित बात पर गुस्सा करे फिर काम क्या चुप चाप का, क्रोध० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। क्रोध से बचते रहो टल संजाय दुख ताप का, क्रोध की० ॥५॥ १९--मान निषेध--मान करना है बुरा जहाँ मान वहां अपमान है। लाभ या नुकसान इससे तुझको नहीं कुछ भान है ॥टेक॥ लाखों रुपैया हाथ से बरबाद कर दिया मान से। शुभ काम में दमडी

नहीं तू काम का इन्सान है, मान० ॥१॥ सीता को देखा हाथ से रावण को मुश्किल होगया। मर मिटा वह भी मगर अभिमान ऐसी शान है, मान ॥२॥ संसार में या धर्म में है बीज बोया फूट का। जिस को किया राजी यहाँ आखिर मरक स्थान है, मान० ॥३। दुनिया में कई होगये फिर और भी हो जायेंगे। घूमते गजराज जिनके स्थान अब वैरान है, मान० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। छोड़ दे जो मान उसका तुरत ही सम्मान है, मान० ॥५॥ २०—कपट निषेध—कपट करना छोड़ दे निष्कपट रहना ठीक है ॥टेक॥ सीता सती को कपट से लंका में रावण ले गया। आखिर नतीजा क्या मिला निष्कपट रहना ठीक है ॥१॥ कपटी पुरुष का जगत में विश्वास कोई करता नहीं। कपट का घर झूठ है निष्कपट रहना ठीक है, कपट० ॥२॥ लेन में या देन में कुछ कपट न करना नहीं। यह राज में पावे सजा निष्कपट रहना ठीक है, कपट०। ३॥ माया से नर नारी हुए नारी से नपुंसक बने यह कपट का फल है सही निष्कपट रहना ठीक है, कपट० ॥४। मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। निष्कपट से सुखत बढ़े निष्कपट रहना ठीक है, कपट ॥५॥ २१-लोभ निषेध—लोभ महा पाप है तू लोभ तज सन्तोष कर। निर्लोभ में आराम है तू लोभ तज सन्तोष कर॥टेक॥ लोभ से हिंसा करे और झूठ बोले लोभ से। लोभ से चोरी करे तू लोभ तज सन्तोष कर, लोभ० ॥१॥ लोभ से माता-पिता और पुत्र के अनबन रहे। हित मीत सगपण ना गिने तू लोभ तज सन्तोष कर॥२॥ लोभवश जिनपाल जिनरक्ष जहाज में चढ़ कर गए। समुद्र में जिनरक्ष मरा तू लोभ तज सन्तोष कर, लोभ० ॥३॥ लोभ जहाँ इन्साफ नहीं तू देखले अच्छी तरह। सब पाप की जड़ लोभ है, तू लोभ तज सन्तोष कर, लोभ० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। निर्लोभ से मुक्ति मिले तू लोभ तज सन्तोष कर, लोभ० ॥५॥ २२—राग निषेध—मोह नींद है अनादि इसको टाल टाल टाल। तेरे कौन है संघाति जरा भाल, भाल भाल ॥टेक॥ यह मोह पन्थ शत्रु है तू बाल बाल बाल। एक आत्मा तुम्हारा क्या पाल पाल पाल। तेरे० ॥१॥ रहेगा धरा यह यहाँ का यहीं धन माल माल माल। दुर्गति में तेरी आत्मा तू मन सम्भाल सम्भाल सम्भाल, तेरे० ॥२॥ मत कर गरूर देख तू काले बाल बाल बाल। तेरे सिर पर जबरदस्त है जो काल काल काल, तेरे० ॥३॥ नन्दलाल मुनि गुणखान की आज्ञा पाल पाल पाल। जो धर्म रत्न शीघ्र बँकर हाल हाल हाल, तेरे ॥४॥ २३—कुसम्प निषेध—सन्तों का कहना मान के तुम छोड़दो कुसम्प को। प्रेम से मिल जुल रहो तुम छोड़ दो कुसम्प को ॥टेक॥ भाई भाई या बाप बेटा राज तक भी चढ़ गए। अर्थात् पैसे का किया तुम छोड़ दो कुसम्प

को, सन्तों० ॥१॥ राज रावण का गया पञ्चों की गई पचायती। साधु की गई सत्यता तुम छोड़ दो कुसम्प को, सन्तों० ॥२॥ कई तो खुद मर गए और कई को मरवा दिए। कई गए प्रदेश में तुम छोड़ दो कुसम्प को, सन्तों० ॥३॥ कई की इज्जत गई कई धर्म में हानि करी। भरम घरका खोदिया तुम छोड़ दो कुसम्प को, सन्तों० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल जी का यही नित उपदेश है। सम्प में सुख है सदा तुम छोड़ दो कुसम्प को, सन्तों० ॥५॥ २४--नं० बुराई का निषेध—कर के बुराई और की क्यों पाप का भागी बने। बहकाने वाले बहुत हैं क्यों पाप का भागी बने ॥टेक॥ सत्य हो चाहे झूठ हो निर्णय तो करना ठीक है। अपनी अपनी तान के क्यों पाप का भागी बने करके० ॥१॥ कानें सुनी झूठी होवे आँखों से देखी सत्य है। देखी भी झूठी हो सके क्यों पाप का भागी बने, करके० ॥२॥ मुख से बुराई निकले ज्यों हाट हो चर्मकार की। यह न्याय निन्दक पै सही क्यों पाप का भागी बने, करके० ॥३॥ नीर को तज खीर पीवे हंस का यह धर्म है। तू भी गुण ले इस तरह क्यों पाप का भागी बने, करके० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलाल जी का यही नित उपदेश है। निन्दा पराई छोड दे क्यों पाप का भागी बने, करके० ॥५॥ नं० २५—ईर्षा निषेध—देख कर पर सम्पति क्यों ईर्षा करता है तू। जैसा करे वैसा भरे क्यों ईर्षा करता है तू ॥टेक॥ लक्ष्मी भर पूर फिर व्योपार में दुगने हुए। अपने अपने पुण्य हैं क्यों ईर्षा करता है तू, देख० ॥१॥ पुत्र पौता आदि मनोहर बहुत ही परिवार है। मौज करे रंग महल में क्यों ईर्षा करता है तू, देख० ॥२॥ जात या परजात या पचायत या सरकार में। पूछ जिनकी हो रही क्यों ईर्षा करता है तू, देख० ॥३॥ दयावन्त दानेश्वरी उपदेश दाता धर्म का। महिमा सुनि गुणवान की क्यों ईर्षा करता है तू, देख० ॥४॥ मेरे गुरु नन्दलालजी का यही नित उपदेश है। वैर बुद्धि छोड दे क्यों ईर्षा करता है तू, देख० ॥५॥ नं० २६—सत्योपदेश—ये स्वार्थी स्वजन इनमें राचिए नहीं। तू मान मान मान मान तो ही ॥टेक॥ तू क्यों करे अभिमान बहुत वक्त है नहीं। लेना है यहां विश्राम आखिर पन्थ तो वही, तू मान० ॥१॥ तेरे दिल में कुछ और मुंह से कहत है कई अधर्म में तमाम उमर बीत यों गई, तू मान० ॥२॥ दिल चाहे सो कर मित्र यहाँ तो पूछ है नहीं। कर्मों का तो इन्साफ तेरा होगया वहीं, तू मान० ॥३॥ मेरे गुरु नन्द लाल जिनकी कहन है यही। कर भलाई इक धर्म म रही, तू मान० ॥४॥ नं० २७—उपदेश—जिया मान ले मुनी राज सच्ची कहते हैं अरे। ले मुक्ति को सामान अब ढील क्यों करे, ॥टेक॥ ये पुत्र मात तात भ्रात जिनसे नेह करे। न तुझको तारण हार क्यों इनके जाल में परे, ले० ॥१॥ है थोड़ी

सी जिम्हगामी त न पाप से डरे । बिन पाल्या धर्म नियम कैसे आत्मा तरे, से ॥२॥ हो आऊं मैं धनवान ऐसी कल्पना करे ॥ म
माग बिना पावे नाहक डोलतो फिरे, ते० ॥३॥ महामुनि नन्दलाल जी है सन्त में सर । संसार सागर घोर आप तारे भी तरे,
से ॥४॥ नं २८ कंजूस की दशा—मू जी अपने हाथ से नहीं जीते जी कभी दान दे । रात दिन ओढे जमा नहीं जीने जी कभी
दान दे ।टेक॥ पुजारिक को दान देते देख के मू जी कभी । तो खुद करे एकासना नहीं जीते जी कभी दान दे, मू जी० ॥१॥ चाहे
कोई कुछ भी दे उसका फिकर मू जी करे । जहां तक बने करते मना नहीं जीते जी कभी दान दे, मू जी० ॥२॥ दीन दुखिया द्वार पै
कोई सवाल डाले आन कर । करुणा का जिसके काम क्या नहीं जीतेजी कभी दान दे मू जी० ॥३॥ साफ वस्त्र पहनना चाहे कोई
भी त्योहार हो । माया का मजदूर बो नहीं जीते जी कभी दान दे मू जी० ॥४॥ मेरे गुरु नन्द लाल जी का यही नित उपदेश है ।
मू जी पू जी धर आपगा नहीं जीतेजी कभी दान दे मू जी० ॥५॥ नं २९ माता पिता का कर्तव्य —[तर्ज—प्यारा प्रभू से अर्ज
हमारी है रात दिन] बचपन से ही माँ बाप शुभ आचार सिखाते । मकदूर क्या जो पुत्र वो कुपूत कहलाते ।टेक॥ अपना अदब
गुरु का विनय की रीत बताते । पुजवाते जी जी कार तो भरा जगत में पाते मकदूर० ॥१॥ जो हिंसा झूठ चोरी कुकर्मों से डराते ।
पहले हिदायत होती तो क्यों नाम लजाते मकदूर० ॥२॥ गुरु से सिखाई गालियां फिर वो हाथ उठाते । बीधे पकड़ के पास न कुछ
भी तो शरमाते मकदूर० ॥३॥ जैसे की रहे संग में गुण वैसे ही आते । इस न्याय को विचार के सुसंग कराते मकदूर० ॥४॥ मेरे
गुरु नन्दलाल जी सब बात बताते । सुपुत्र दीपक की तरह नित कुल को दीपाते मकदूर० ॥५॥ नं ३० गुरु की स्तुति—गुरु
देव की शुभ सेव पुण्य योग से मिली । सुन्या बैन खुल्या नैन मेरी ममता टली ।टेक॥ प्रकृति है शुभायस ज्यों गुलाब की कली ।
सब मन की मेरी आस बहुत दिन से फली, सुन्या ॥१॥ निर्पक्ष हो के कहते कथा ज्ञान की भली । सुने भाये स्वाद मुख में ज्यों
मिश्री की डली, सुन्या० ॥२॥ है ज्ञान के दरियाव धोवे पाप की कली । मैं मान माया लोभ है वैराग्य की झली, सुन्या० ॥३॥ मरा
मुनि नन्दलाल जी सन्तोष की सली । तस शिष्य को गुरु कृपा से सुख सम्पति मिली, सुन्या० ॥४॥ नं. ३१ स्थिवर मुनि श्री
नन्दलालजी महाराज के गुण—जैसे शशि है सोम ऐसी दीपति रवि । गुरु आपका उपकार मैं तो भूलतो नहीं ।टेक॥ दिया के
सागर आप पूरे जैन में पवि । सबसे अति शुभ प्रेम ऐसी सूरत शोभति गुरु० ॥१॥ भव जीवों के हित आप कथा कहते य कवि ।

उपदेश की छटा को पार न पावे सुरपति, गुरु० ॥२॥ चरचा में है निपुण करे वात सूत्रति । जिन धर्म की फते फते वजाते हो अति, गुरु० ॥३॥ मेरे गुरु नन्दलाल जी की दीपति रति । मैं आपका निजदास दीजो मोक्ष की गति, गुरु० ॥४॥ नं० ३२ चक्रवर्ती ब्रह्मदत्त को उपदेश-(तर्ज—कव्वाली) ब्रह्मदत्त मान ले कहना, वक्त यह फिर न आवेगा । नाहक भोगों में ललचा के, नफा तू क्या उठावेगा ॥टेर॥ पूर्व भव का है तू भाई, कहू मैं साफ दर्शाई । और हित के लिए तुझको कौन सच्ची सुनावेगा ॥१॥ कुटुम्ब निज मित्र और न्याति, यह तो सब स्वार्थ के साथी । तुझे जब काल के मुंह से नहीं कोई छुडावेगा ॥२॥ मेरी यह मेरी यों करके, असल में जहाॅ की जहाॅ धरके । चली जा रही है सब दुनियाॅ तू भी ऐसे ही जायगा ॥३॥ स्वजन धन फोज चतुरंगी कोई किस का नहीं संगी । याद रख एक दिन नृप तू अकेला ही सिधावेगा ॥४॥ मुनि नन्दलाल गुरु ज्ञानी, जिनकी सुन प्रेम से वानी । दया के कुण्ड में न्हाले दु:खों की दाह बुझावेगा ॥ ब्रह्मदत्त मानले कहना, वक्त यह फिर न आवेगा ॥५॥ नं० ३३ असल में कौन—(तर्ज-पूर्ववत) वता दे नाम तू उसका असल में कौन है तेरा । जिया सत्संग करने से, मिटे चौरासी का फेरा ॥टेर॥ रानी देवकी के अंग जाया, द्वारिका नाथ कहलाया । कुटुम्ब कोई काम नहीं आया जिन्हों के अन्त की वेरा ॥१॥ चौथा चक्रवर्त सारया रूप देखन को सुर आया । विगड़ गई छिनक में काया, उनको जब रोग ने घेरा ॥२॥ धन्न इब्बों का था घर में, जहाज चलती थी सागर में । सेठ कहलाते नगर में, यहां पर वह भी नहीं ठेरा ॥३॥ पूर्ण समकित में दृढताई, श्रेणिक नृप था वड़ा न्याई । छोड कर राज सब यांही, नरक में जा किया डेरा ॥४॥ देख ससार की रचना, नाहक योंही पाप में पचना । हो तो विद्वान तू वचना, मुनी नन्दलाल गुरु मेरा ॥ वतादे नाम तू ॥५॥ नं ३४ हितोपदेश-(तर्ज-पूर्ववत्) समझ नर क्यों गाफिल हो के वक्त अनमोल खोता है । मुक्ता फल छोड़ के असली, क्यों झूठा पोत पोता है ॥टेर॥ ठगो की नगरी है सारी, इसमें तू आया व्योपारी । तुझे कुछ भी नहीं मालुम, सुवह का शाम होता है ॥१॥ खर्च कितना किया वह लेख, कमाई क्या करी सो देख । आम उखाड के जड़ से, आक का वीज वोता है ॥२॥ निगाह कर देख तो घर की, बुराई क्यों करे पर की । ज्ञान की गहरी नदियों में पाप मल क्यों न धोता है ॥३॥ फिरे तू हो के मदमाता धर्म के पथ नहीं आता । पड़ा मोह जाल के फंद में, जैसे पिंजरे में तोता है ॥४॥ मुनि नन्दलाल हित आनी, कहे सो मान भव प्राणी । सड़क सीधी है शिवपुर की, देख किस तर्फ जोता है ॥ समझ नर क्यों ॥५॥ नं० ३५ नशा निषेध—(तर्ज:-माता मरु

देवी के साल मोक्ष की राह बताने वाले) मत कर मथा फलना मान तू अपना हित चाहने वाले ।टेर। जो करते मथा प्रमाण, उनके रहे नहीं कुछ मान सब ही लोग कहे बेईमान, कुल का नाम लजाने वाले ॥१॥ कोई कपड़ा माल गमाते, कोई गलियों में गिर जाते कुत्ते उनके मुँह चाट जाते मक्खियों को न उड़ाने वाले ॥२॥ वह निश्चय होते थोड़े, फिर संग छोकरा दौड़े भर के वर्तन चाहन फोड़े, हाँ २ हँसी करने वाले ॥३॥ न रहे हिताहित खयाल, मुँह से बोले भाल पंपाल करते लोग हाल बेहाल, क्या क्या मोह उठाने वाले ॥४॥ है बहुत मजे का टेम, तेरे नित्य रहेगा क्षेम, जिस से करले भठपट नेम, अपनी इज्जत बढ़ाने वाले ॥५॥ गुरुवर मेरे श्री नन्दलाल है सब जीवों के प्रतिपाल, देते मिथ्या भर्म को टाल सच्चा नाम सुमराने वाले ॥ मत कर मथा० ॥६॥

नं० १ चौबीसी जिन गुण—(तर्ज—माथ रंग बरसेरे २ म्हारा मनकु वर जिन जियको तरसेरे) शुभ फल पावो रे २ चौबीस जिनन्द जी का नित गुण गावोरे ।टेर। धर्म जिनेश्वर चन्द्रा प्रभुजी ऋषभ प्रथम अवतारी रे। महावीर कुन्थु जिन अपनी जय जय कारी रे ॥ शुभ० ॥१॥ शान्ति नाम से शाता वरते, अनन्त सुपार्श्व ध्यावे रे। सुमति नाथ प्रभु पार्श्व परसतां पाप पुलावेरे ॥ शुभ० ॥ ॥ रिष भम श्री मुनि सुव्रतजी, विमल निर्मल गुण धारी रे। पद्म प्रभु अभिनन्दन, आवागमन निवारी रे॥ शुभ ॥३॥ श्री सम्भव नमि मल्लि, महाराज पाप मल हरियार रे। वासु पूज्य शीतल जिन, सुख शिवपुर का वरिया रे। शुभ० ॥४॥ सुविधि नाथ श्री अजित प्रभु, पचीस भावना पाली रे, अरह नाथ श्रेयांस अनन्त पद, लियो सम्भाली रे॥ शुभ० ।५॥ इस विध आप जपे जिनवर का, चैत्र तर्के पर मायेरे। अर्गत भय दुःख दूर टले, कमला घर आवेरे ॥ शुभ० ॥६॥ फरिद कोट पूज्य मुन्नालालजी, नवलखणा से आयारे। महा मुनि नन्दलाल तणा शिष्य जिन गुण गाया रे॥ शुभ० ॥७॥ नं २ वीर गुण गान— (तर्ज संग चलू मैं पिया) मत भूलो क्यारे, मत भूलो कदा। वीर प्रभु के गुण गावो सदा ।टेर। ज्यो २ भाव प्रभु प्रगट किया गणधर सूत्रों में गूंथ लिया। मत० ॥१॥ प्रभुजी की वाणी को ध्याय आधार सुन २ सफल करो अवतार। मत ॥२। जल से नहाया तन मैल हटे, प्रभुजी की वाणी से पाप कटे। मत० ॥३॥ दुरत फुरत सब विपति टले, जितां तितां वंछित काम फले। मत० ॥४॥ मुनि नन्दलाल जी हुकम दिया, जब पायल पिंडी चौमासा किया। मत० ॥५॥ नं० जिन गुण—(तर्ज-पूर्ववत्) जिन राज ऐसा रे, जिन राज ऐसा। जिस दिन म्हारे मन में बसा।।टेर। जगत में सदा सदाय जगदीश शत्रु मित्र पर राग न रीश ।जिन ॥१॥ गुण तो अनन्त चौतीस भेद करे,

इन्द्रादिक सुर पॉय परे। जिन० ॥२॥ वाणी तो वरसे ज्यों अमृत धार, भव जीव सुणे जांके हर्ष अपार । जिन० ॥३॥ जिहाँ तिहाँ विचरे श्री भगवान, धर्म को उद्योत करे जिम भान । जिन० ॥४॥ मांडलगढ में मुनि नन्दलाल, तिल शिष्य जोड़ बनाई रसाल । जिन० ॥५॥ ४—जिन-वाणी—[तर्ज-पूर्ववत्] जिन वाणी ऐसी रे। जिन वाणी ऐसी। कुमति गई ने म्हारे सुमति वसी । टेर॥ सुनत मिटत दुष्ट कर्म अरी, जो भव जीव सुने भाव धरी। जिन०॥१॥ जो जिन वाणी परकाशे जिनराज, इन्द्रादिक आवे सुनवा के काज, जिन०॥२॥ सुन-सुन उत्तम जीव अनेक, उतर गया भव सागर देख। जिन०॥३॥ काम क्रोध मद लोभ की झाल, शीतल होय सुनता तत्काल । जिन० ॥४॥ मुनि नन्दलाल तणा शिष्य जान, गायो चित्तौड़ में करिये प्रमान । जिन० ॥५॥ ५—परमेष्ठी गुण–[अवधु सो जोगी गुरु मेरा] आछो आनन्द रग बरसायो, मैं तो देख सभा हुलसायो ॥टेर॥ अरिहन्त नमूँ पद पहले, भव जीवा ने शिवपुर मेले, लोकालोक को स्वरूप बतायो। आछो०॥१॥ दूजे पद श्री सिद्ध ध्याऊँ, कर जोड़ी ने शीश नमाऊ जनम मरण को दु ख मिटायो। आछो० ॥२॥ आचारज तीजे पद सोहे, चारों तीरथ के मन मोहे, ज्ञान ध्यान में चित्त रमायो । आछो० ॥३॥ उपाध्याय मेरे मन भावे, कई सन्तों को ज्ञान भणावे, जांकी बुद्धि को पार न पायो ॥ आछो० ॥४॥ सर्व साधुजी गुण का दरिया, जाने पापे सहु पर हरिया, मोकूँ मुक्ति को पंथ बतायो। आछो० ॥५॥ ये तो पाँचों ही पद भज भाई, नित एक चित्त ध्यान लगाई, कारज सिद्ध हुवे मन च्हायो । आछो० ॥६॥ नन्द-लाल मुनि गुणधारी, तस शिष्य कहे हितकारी, मैं तो मगलीक आज मनायो ॥ आछो० ॥७॥ ६—गौतम-गुण–[तर्ज—रे जीवा जिन धर्म कीजिये] गौतम गण धर वदिने। पूरण लब्धि भडार ॥टेर॥ चौवीस मा वर्धमान के, चेला चतुर सुजान । सव साधा में शिरोमणि, ऊगा जगत में भान । गौतम० ॥१॥ चवदे पुरवना पाठीया, ज्ञान चार वखान। तपस्या करी चित निर्मली, नहीं मन्न गिल्यान । गौतम० ॥२॥ परवत में मेरु वड़ा, सीता नदियाँ के माँय । स्वयभू रमण दधियॉ विषे, एरावत गज माय । गौतम० ॥३॥ सब रस में इक्षु रस वड़ा, दान में वड़ा अभयदान । ऐम अनेक है ओपमा, कहाँ लग करूँ जी वखान। गौतम० ॥४॥ सर्व वर्णॉ वर्णनो आउखो, दश जुग रया घर मॉय । पीछे एवा गुरु भेटिया, चौवीस मा जिनराय ॥ गौतम० ॥५॥ तीस वरस छद मस्त रया, पीछे केवल ज्ञान । द्वादश वर्षनो पालने, पहुँचता निर्वान । गौतम० ॥६॥ अनन्त सुखा में विराजिया, माता पृथ्वी का नन्द। खूबचन्द कहे थारा नाम से, भयो मगन आनन्द। गौतम० ॥७॥ ७—सुधर्म गणधर के गुण—(सग चलू जी पिया) कर कुमति विदा २ स्वामी सुधर्मा

जी म जम्बु सदा ।।टेर।। वीरजी के विराज्या परथम पाट सुधर्मा बताई जाणे मुगति की वाट । कर० ।।१।। सो वर्ष को आऊं था पाया तास पचास वर्ष रहीया गृहवास । कर० ।।२।। संजम लियो थार मीके मंग जात, गुरु भेटया जाने त्रिलोकीनाथ । कर० ।।३।। मति श्रुत अवधि मन पर्यव ज्ञान चवदा पुरव विद्या को प्रमान ।। कर० ।।४।। बयालीस वर्ष ध्याता निर्मल ध्यान, प्रकट हुओ पीछे केवल ज्ञान । कर० ।।५।। रूप दीपे जांको जगमग ज्योत, देवता से पण अधिक उद्योत । कर० ।।६।। जम्बू सरिखा जाके शिष्य है वनीत, रात दिवस जांको चरणा में चित ।। कर ।।७।। वाणी प्रकाशी जैसे अमृत धार, सूत्र रच्या जांको मोटा आधार ।।कर०।।८।। आठ वर्ष केवल परपर्याय पाल, मुगतिविराज्या पीछे दीनदयाल ।। कर० ।।९।। पाट विराजे जांके जम्बू अणगार परम वैरागी घणो कियो, उपकार । कर ।।१०।। चम्मालीस वर्ष पाल्यो केवल ज्ञान, ते पण पाया प्रभु शिवपुर स्थान । कर० ।।११।। सुधर्मा स्वामी ने जम्बू अणगार, वन्दन नमूं जांके वारम्बार । कर० ।।१२।। सूरजमल कहे मेरे गुरु नन्दलाल तिण प्रसादे गायो वेपन के साल । कर० ।।१३।।

८—जिनेश्वर जन्म—[तर्ज—हरिश्चन्द्र राजाजी] जिनेश्वर रायाजी, स्वर्ग थकी चय आवे, प्रजा सुख पावे, हो जिनेश्वररायाजी ।।१।। जिनेश्वर रायाजी गगन निर्मलो वर्षे, वर्षा सम वर्षे, हो जिनेश्वर रायाजी ।।२।। जिनेश्वर रायाजी शाखों निपजे सारी, पुण्याई थारी हो जिनेश्वर रायजी ।।४।। जिनेश्वर रायाजी आछो वधायों आवे, के हर्ष मनावे हो जिनेश्वर रायाजी ।।५।। जिनेश्वर रायाजी शकुन मिले सब ताजा, आदर देवे राजा, हो जिनेश्वर रायाजी ।।६।। जिनेश्वर रायाजी, गुरु नन्दलालजी ध्याऊं, सदा गुण गाऊं, हो जिनेश्वर रायाजी ।।७।।

९—जिन जन्म महिमा—[तर्ज—तू सुन म्हारी जननी आज्ञा देवो तो संजम आदरूं] जिन जन्म की महिमा, करवाने आया देवी देवता ।टेर। मथ इन्द्र ईशान इन्द्रजी, तिजा सनतकुमार । महिन्द्र ब्रह्म लतक महा शुकर, वलि इन्द्र संसार ।। पाण इन्द्र और अचू इन्द्र आवे, लेकर सब परिवारजी ।। जिन० ।।१।। सहस्र चौरासी अस्सी बहोतर, सीतर साठ पचास । पचास चाली तीस बीस दश, सामानिक सुर आस ।। चार गुणा सामानिक सुर ने आतम रक्ष परमाणजी ।। जिन० ।।२।। बारा सहस्र चवदा वलि सोला तीन परिषदा मांय । दो दो सहस्र कम करके ऊपर दो दो सहस्र बढ़ाय ।। ये इन्द्र तक एणविध कीजो, चतुर हिसाब लगायजी ।। जिन ।।। सहस्र पाच मे ढाई से अरु फेर सवासो पाय । दुगुणा २ तीन दफे तुम कीजो जोड़ लगाय ।। इतने सुर एक एक इन्द्र के, तीन परिषदा मांयजी ।। जिन० ।।४।। लख योजन का लम्बा चौड़ा, आयारत विमान । एक सहस्र योजन की सबके,

महिन्द्र ध्वजा परिमान ॥ सुघोषा महाघोषा, घटा, पाच पाच के जानजी । जिन० ॥५॥ चमरिन्द्र वलइन्दर प्रमुख, भवनपति के वीस । काल और महाकाल आदि दे व्यतर के वत्तीस ॥ चन्द्र सूर्य इन्द्र मिल होगए, चार वीस चालीसजी ॥ जिन० ॥६॥ अध लक्ष जोजन लम्बा चौडा, असुरा का विमान । धरणिन्द्रादिक अष्टादश के, सहस्र पच्चीस प्रमान । व्यतरिन्द्र और रवि शशि के, सहस्र जोजन का मान जी ॥ जिन० ॥७॥ वैमानिक से आधी ऊची, जानो असुर कुमार । नवनिकाय के ढाई से की, महिन्द्र ध्वजा विस्तार ॥ सौ ऊपर पच्चीस जोजन की, व्यतर जोतिषी धारजी ॥ जिन० ॥८॥ इण विध हुआे समागम सुर को, जिन महिमा के काज । मेरे गुरु गुण आगर मानू, नन्दलाल महाराज । रावलपिन्डी जोड वनाई, सरिया वन्छित काजजी । जिन० ॥० ॥६॥ १०—झूलना—[तर्ज—जिनद जश जग में] माताजी हुलरावे, पुतर ने राग सुनावे रे ॥टेर॥ रतन जड़ित पालनियो जाने रेशम सेती वनियो ॥ धन जननि नन्दन जनियो रे । माता० ॥१॥ सोना की सॉखल वाधी, फिर पालणिया में फाधी । जांके अधवीच झूमर वाधी रे । माता०॥२॥ कोई चकरी भवरा लावे, कोई नृत्य करी रींझावे । कोई घूघरिया घमकावे रे । माता० ॥३॥ कोई सिर पर टोपी मेले, कोई अधर हाथ में झेले । ई ज्यू ज्यू बालक खेले रे ॥ माता० ॥४॥ कोई कान में वाता कहवे, कोई गोदी मॉही लेवे । कोई काजल टीको देवेरे ॥ माता० ॥५॥ जब चमक नींद से जागे, तव रमझम करता भागे । जाकी सूरत सोहनी लागे रे । माता० ॥६॥ माता अचला देवीजी का नन्दा, अश्वसेन राय कुल चदा । जाने सेवे सुर नर वृन्दा रे ॥ माताजी० ॥७॥ खूबचन्द कहे पुन योगे, या ऋद्धि पाई सजोगे । यह तो करनी का फल भोगेरे ॥ माता० ॥८॥ ११—जिनेन्द्र प्रताप—[तर्ज—मुगत पद पाया हो भरतेश्वर मोटा राजवी] आनन्द वरते हो जिनन्दा, थारा नाम सू ॥टेर॥ प्रभु नाम को सुमरण मोटो, जाप जप्या मन मॉय । मन वांछित कारज सिद्ध थावे, पातिक दूर पलाय ॥ आनन्द ॥१॥ समरथ जान शरण में आयो, अवर देव कुण जाचे । आम स्वाद जिण चाख लियो तो, इमली में कुण रांचे । आनन्द ॥२॥ रत्नाकर मिलियो पुन योगे, हियो वहुत हुलसावे । सफल काज हो गया कहो फिर फकर कौन उठावे ॥ आनन्द ॥३॥ कृपानिधि शिवपुर के वासी, यह मेरी अरदास । चार तीर्थ में कुशल रहे, सुख सम्पति लील विलास । आनन्द ॥ क्षीर समुद्र भरयो मुख आगे, कुण करे नाडी आस । मुनि नन्दलाल तणा शिष्य कहे, मुझ प्रगटी सुख की रास । आनन्द० ॥५॥ १२—मुनिराज—[तर्ज—सोरठ] धन जग में मुनि राया, ज्याने कर लीना मन चाया रे ॥टेक॥ सुमति गुपति नित दाव तिरन को,

